मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-190
10/03/2023

# मुख्यमंत्री ने शहीद जुब्बा सहनी जी की प्रतिमा का किया अनावरण, नवनिर्मित पार्क का किया उद्घाटन

पटना, 10 मार्च 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज मोईनुलहक स्टेडियम, राजेन्द्र नगर के दक्षिण–पश्चिम कोने पर अवस्थित नवनिर्मित पार्क का फीता काटकर उद्घाटन एवं नवनिर्मित पार्क में स्थापित शहीद जुब्बा सहनी जी की प्रतिमा का अनावरण किया। अनावरण के पश्चात् मुख्यमंत्री ने शहीद जुब्बा सहनी जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और अपनी श्रद्धांजलि दी। नवनिर्मित पार्क में मुख्यमंत्री ने वृक्षारोपण भी किया।

इस अवसर पर समाज कल्याण मंत्री श्री मदन सहनी, जल संसाधन सह सूचना एवं जन–सम्पर्क मंत्री श्री संजय कुमार झा, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, विधान पार्षद श्री संजय सिंह, विधान पार्षद श्री भीष्म सहनी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त परामर्शी श्री मनीष कुमार वर्मा, भवन निर्माण विभाग के सचिव सह पटना प्रमण्डल के आयुक्त श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, जिलाधिकारी श्री चंद्रशेखर सिंह, राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव श्री अरविंद कुमार सिंह, राज्य खाद्य आयोग के पूर्व सदस्य श्री नंदकिशोर कुशवाहा, बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य श्री शिवशंकर निषाद, जदयू नेता श्री ओमप्रकाश सेतु सहित अन्य वरीय अधिकारीगण एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

*****